**दिनांक : 04.06.2024** **समय : 07.10 pm**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री कल टीकमगढ़ में लाडली बहना योजना की 14वीं किष्त करेंगे जारी।
- प्रदेष में आज से तीन माह चलने वाले संपूर्णता अभियान की हुई शुरूआत।
- प्रदेष विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही जारी, सदन में विपक्षी दल कांग्रेस ने किया हंगामा।
- पूरे प्रदेष में मानसून सक्रिय, 6 जिलों के लिए भारी बारिष का आरेंज अलर्ट जारी।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**किस्त वितरण–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल लाडली बहना योजना के तहत प्रदेष की महिलाओं को 14वीं किष्त जारी जारी करेंगे। मुख्यमंत्री कल टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में इन महिलाओं के बैंक खातों में 1250/–अंतरित करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष 2024–25 की पहली किष्त और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्षनधारी उपभोक्ताओं के लिए सिंगल क्लिक से राषि जारी करेंगे।

**संपूर्णता अभियान**

नीति आयोग ने आज से 30 सितंबर तक 3 महीने का 'संपूर्णता अभियान' आरंभ किया है। जिसका उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों में 6 प्रमुख संकेतकों और आकांक्षी ब्लॉकों में 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। इसके अंतर्गत आज से प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। डिंडौरी जिले में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ आकांक्षी विकासखंड करंजिया के गोपालपुर ग्राम में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा कुपोषित बच्चों को दादी की पोटली वितरित की गई। संपूर्णता अभियान कार्यक्रम में जनपद पंचायत करंजिया उपाध्यक्ष, गीता पट्टा उपस्थित रहीं। इसी तरह सतना जिले के चित्रकूट– संपूर्णता अभियान आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की शुरुआत मझगवां से हुई। कार्यक्रम में नीति आयोग की सलाहकार प्राची शर्मा, जिला पंचायत सीईओ संजना जैन सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। सिंगरौली जिले में अभियान की शुरूआत करते हुए जिला कलेक्टर चन्द्रषेखर शुक्ला ने नागरिकों को योजना के लक्ष्यों को पूरा करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अभियान के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी और हितलाभ का वितरण किया।

**मुख्यमंत्री एयर कार्गो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति एवं विकसित अधोसंरचना को देखते हुए प्रदेश में दिल्ली की तरह एयर कार्गो हब बनने की पूरी संभावना है। मुख्यमंत्री आज नई दिल्ली में एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कॉन्क्लेव–2024 को संबोधित में कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई यातायात एवं कार्गो की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

***प्रदेश में सातों एयरपोर्ट में कार्गो की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जहां अंतर्राज्यीय वायु सेवा प्रारंभ की गई है। प्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, जिसमें सक्षम व्यक्तियों के अलावा आयुष्मान कार्ड धारकों को भी इस सेवा का लाभ मिल***

*रहा है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेली सर्विस भी शुरू करवाई गई है। इस दृष्टि से वायु परिवहन के साथ साथ एयर कार्गो के लिए भी प्रदेश में समुचित अधोसंरचना विकसित है।*

**एक पौधा मां के नाम"**

गुना में जिला कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिले में "एक पौधा मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आज जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर "एक पौधा मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिसके तहत विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया है।

खंडवा के श्रीदादा जी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में अभियान का शुभारंभ प्रभारी सिविज सर्जन डॉक्टर संजीव कुमार दीक्षित ने पौधा लगाकर किया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूज्य गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी महाराज की महाराष्ट्र के जालना में कल हुई समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी का जन्म मध्यप्रदेश के दमोह जिले में पथरिया में हुआ था। गणाचार्य विराग सागर जी की समाधि देश के संपूर्ण जैन समाज के साथ ही मध्यप्रदेश वासियों के लिए भी गहरा आघात है। संतों, मुनियों की शिक्षाएं सदैव समाज के लिए उपयोगी होती हैं।

प्रधानमंत्री क्रिकेट टीम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के अ□ने आवास सात लोक-कल्याण मार्ग □र टी-20 विश्वक□ जीतने वाली टीम का स्वागत किया। एक सोशल मीडिया □ोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने प्रतिस□र्धा में हुए खिलाडियों के अनुभवों □र एक अविस्मरणीय चर्चा की। इस बैठक में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, कोच राहुल द्रविड़, शामिल थे। इसके बाद भारतीय टीम मुंबई में विजय □रेड निकाली जा रही है। टीम का सम्मान  मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम किया जाएगा।

विधानसभा कार्यवाई

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज भी वि□क्षी दल कांग्रेस ने सदन में हंगामा किया। आज आम बजट को लेकर सदन में चर्चा हुई। इस बीच कांग्रेस ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के खिलाफ विशेषाधिकार हनन □र चर्चा की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया। इस □र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उन्हें सूचनाएं मिली हैं। इनका □रीक्षण करने के बाद आगे का निर्णय लेंगे। वि□क्ष चर्चा कराने की मांग □र अड़ा रहा। इसके चलते सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। इससे □हले भाज□ा विधायक हरदी□ सिंह डंग ने अवैध कॉलोनियों

को वैध करने का मामला उठाया। इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, जल्द ही विधानसभा में अवैध कॉलोनियों को रोकने के लिए कड़े कानून लाए जाएं। अवैध कॉलोनियों को वैध नहीं कर रहे बल्कि अवैध कॉलोनियों में रह रहे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके प्रयास किए जा रहे हैं।

**गौ पेट्रोलिंग**

देवास जिले में मुख्य मार्गों पर गौवंश विचरण की रोकथाम एवं दुर्घटना से बचाव के लिए पेट्रोलिंग वाहन द्वारा ए.बी. रोड, उज्जैन और भोपाल रोड़ गौ पेट्रोलिंग की कार्यवाही की जाएगी। इन मार्गों पर 40 से 50 किलोमीटर तक सतत् रूप से यह पेट्रोलिंग की जायेगी। इसके साथ ही आकस्मिक आवश्यकता के लिए भौरांसा टोल प्लाजा तथा शंकरगढ़ टोल प्लाजा पर चलित पशु चिकित्सालय वाहन भी तैनात किये गये है। जिसका हेल्पलाईन नम्बर–1962 है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग देवास डॉ सी.एस. चौहान ने देवास जिले के पशु पालकों से अपील करते हुए कहा कि पशु स्वामी अपने गौवंश को सड़कों पर खुला न छोड़े।

**मौसम**

प्रदेश में दो सिस्टम सक्रिय होने से कई जिलों में बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने आगरमालवा, गुना, षिवपुरी, भिंड, मुरैना और श्योपुरकला जिलों में अति भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, सीहोर, इन्दौर, डिण्डोरी, बालाघाट सहित 48 जिलों के लिए बारिष का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आज भी भोपाल, इन्दौर, उज्जैन संभाग के सभी जिलों में बारिष हो रही है। सर्वाधिक बारिष नागदा में 68 मिलीमीटर दर्ज की गई।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- जगन्नाथपुरी की तर्ज पर रथयात्रा का आयोजन पिछले 40 वर्षो से श्रीमन चैतन्य महाप्रभु जी की वैष्णव परंपरा के अंतर्गत श्री चैतन्य प्रेम भक्ति संघ द्वारा निकाली जा रही है। इसके तहत 7 जुलाई को भोपाल के मानस भवन से रथयात्रा प्रारंभ होगी। यह आयोजन वैष्णव परंपरा के आचार्य श्री हरेकृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के सानिध्य में होगा।
- मुरैना यात्रा पर आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को जनहितकारी बताया । उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की जनता को लाभदायक और बेहतर बजट दिया है।
- शहडोल संभागीय मुख्यालय में पासपोर्ट कार्यालय खुलने से शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। बीते 4 महीने में यहां से 948 लोगों का पासपोर्ट बनाया गया है।
- देवास में बाल्यकालीन बीमारियों का उपचार सुनिश्चित करने के लिए 27 अगस्त तक दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है।अभियान में घर–घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान और उपचार किया जा रहा है।
- खरगोन कलेक्टर ने कृषि एवं उससे जुड़े विभाग की बैठक लेकर कृषि एवं उस पर आधारित लघु उद्योग स्थापना के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री कल टीकमगढ़ में लाडली बहना योजना की 14वीं किष्त करेंगे जारी।
- प्रदेष में आज से तीन माह चलने वाले संपूर्णता अभियान की हुई शुरूआत।
- प्रदेष विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही जारी, सदन में विपक्षी दल कांग्रेस ने किया हंगामा।
- पूरे प्रदेष में मानसून सक्रिय, 6 जिलों के लिए भारी बारिष का आरेंज अलर्ट जारी।

-----------------